**कार्यालय संयुक्त संचालक**

**महिला एवं बाल विकास विभाग, इंदौर संभाग, इंदौर**

**29/3 ओल्ड पलासिया, इंदौर (मध्यप्रदेश)**

**क्रमांक/227/मबावि/आईसीडीएस/2023** **इंदौर, दिनांक : 22.02.2023**

## विज्ञप्ति

# मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

इंदौर संभाग के जिलों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के जिलेवार वर्तमान में रिक्त एवं आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले निम्नानुसार पदों के लिये आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| स. क्र. | जिला | वर्तमान में रिक्त पद | | | आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पद | | | जिला कार्यालय का सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | सहायिकाओं के रिक्त पद | मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | सहायिकाओं के रिक्त पद | मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | |
| 1. | इंदौर | 10 | 20 | 01 | 08 | 05 | 0 | 0731-2366058 |
| 2. | धार | 26 | 80 | 02 | 23 | 42 | 0 | 07292-235066 |
| 3. | झाबुआ | 13 | 32 | 04 | 10 | 17 | 04 | 07392-244397 |
| 4. | अलीराजपुर | 11 | 11 | 04 | 02 | 01 | 0 | 07394-233131 |
| 5. | खरगोन | 03 | 12 | 02 | 13 | 16 | 0 | 07282-232596 |
| 6. | खण्डवा | 09 | 31 | 0 | 11 | 11 | 0 | 0733-2223794 |
| 7. | बड़वानी | 10 | 10 | 02 | 08 | 05 | 0 | 07290-224445 |
| 8. | बुरहानपुर | 03 | 12 | 02 | 05 | 03 | 0 | 07325-241495 |
| | **योग :** | **85** | **208** | **17** | **80** | **100** | **04** | |

- महिला आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम, शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिये जिस कैलेण्डर वर्ष में चयन किया जाना है उस कैलेण्डर वर्ष में 1 जनवरी को आवेदिका की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
- नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं/11वीं बोर्ड एवं आदिवासी क्षेत्रों में 10वीं/12वीं योग्यता होना आवश्यक है। शेष शासन निर्देशानुसार योग्यता रहेगी।
- आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। शेष शासन निर्देशानुसार योग्यता रहेगी।
- संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन-पत्र मय आवश्यक सहपत्रों (जैसे - मार्कशीट, जाति, मूल-निवासी, विधवा/परित्यक्ता/बीपीएल कार्ड आदि) सहित जिले की संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में **दिनांक 20.03.2023 तक** कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में जमा कर प्राप्ति अभि-स्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका तथा मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक नियम/निर्देश आदि की जानकारी विभागीय वेबसाइट/ऑनलाइन पोर्टल, जिला कार्यालय एवं संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध है।
- आंगनवाड़ी केन्द्रवार, ग्राम/वार्ड में वास्तविक रिक्त पद की जानकारी एवं नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- रिक्त पदों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के दूरभाष नंबर (जो विज्ञप्ति में प्रकाशित है) पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि होना संभव है। परियोजना अंतर्गत अंतिम रूप से वास्तविक रिक्त पदों की संख्या एवं स्थान की जानकारी संबंधित परियोजना कार्यालय द्वारा ही सूचित की जायेगी।

**संयुक्त संचालक**

**जी-23529/48231/2023** **महिला एवं बाल विकास विभाग, इंदौर**